Our Vipra College Library is automated with "KOHA" world Best Library Software. The Vipra College has a well maintained e-Library stocking more than 11803 books. There are a variety of books available for students & staff belonging to all streams (Physical Education, Commerce & Management, Education, Computer & Science of the college. 8 News Paper- 5 Paper in Hindi & 3 Paper in English Language. Updated 14 Print Journals & NCERT Journals available in online PDF in site, 8 Magazines are available for better knowledge of the Library users. The Library has reprography section where students can take photocopy and print out of reference books and Periodicals. We have a separate e-Library/Computer Section for the students where they can access online resources through Internet.

Library Report (2024-25)

1. Wifi सुविधा युक्त Central Library है ; Open Time- 8 AM. To 2:30 PM. प्रति कार्य दिवस पर
2. ग्रंथालय में सभी संकाय की पुस्तकें इस प्रकार से है Commerce(2464), Physical Education & Yoga (2107), Education (5297), Computer & Science(1966) and Reference Books (962) इस प्रकार के कुल **11803** पुस्तकें हैं।
3. Students के लिये Wi-fi सुविधा युक्त 20 Computer की व्यवस्था से युक्त पृथक E-Library है।
4. Library Collection की जानकारी के लिये OPAC (Online Public Access Catalogue) की सुविधा और इसके मध्यम से Free E-Resources की सुविधा भी उपलब्ध है।
5. Daily 08 News Paper-5 Hindi, 3 English, रोजगार एवं नियोजन (Competition Exam) सभी प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु पर्याप्त Study Material उपलब्ध एवं प्रतियोगिता दर्पण/Competition Success मासिक पत्रिका भी उपलब्ध।
6. 19 Journals (National\International) 08 मासिक पत्रिकायें नियमित अन्तराल में ग्रंथालय में आती है।
7. Book Bank की सुविधा जिसमें प्रतिभावान ैजनकमदज को ग्रंथालय से अतिरिक्त ठववो प्राप्ति की सुविधा।
8. ग्रंथालय के नियमों का पालन करते हुये ग्रंथालय के अधिकतम उपयोग करने वाले 1 Student एवं 1 Staff को ग्रंथालय की ओर से 'Best Library User award of Month" सम्मान से हर माह सम्मानित किया जाता है।

Alumini Meet

वाणिज्य संकाय द्वारा शिक्षक दिवस एवं प्रवेशोत्सव समारोह का हुआ आयोजन

युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह के साथ वाणिज्य संकाय के नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया ।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र के भविष्य हैं और इन विद्यार्थियों का निर्माण शिक्षक का दायित्व है। शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों का सम्मान विद्यार्थियों के मन में शिक्षक के प्रति श्रद्धा और विश्वास जागृत करता है ,वहीं शिक्षक भी सम्मानित होकर अपने दायित्व का अनुभव करता है । इस प्रकार शिक्षक दिवस विद्यार्थी और अध्यापकों को जोड़ने का कार्य करें ,तो सभी विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल है और तभी विद्यार्थी भविष्य के आदर्श नागरिक बनकर राष्ट्र के विकास में अपना सहयोग दे सकते हैं ।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने डॉ. राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और द्वितीय राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन सर्वप्रथम शिक्षक थे और राष्ट्र निर्माण में शिक्षक के भूमिका बेहतर तरीके से समझते थे। इसलिए शिक्षकों के महत्व को रेखांकित करने के लिए शिक्षक दिवस मनाने की बात कही। बाद में उनके जन्मदिवस 5 सितंबर को ही संपूर्ण भारत शिक्षक दिवस मना कर शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करता है ।इसके बाद डॉ. विवेक शर्मा, डॉ. दिव्या शर्मा, डॉ. कैलाश शर्मा ,डॉ. आराधना शुक्ला और मोहित श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए अपनी बात रखी कि टीचर और स्टूडेंट का संबंध क्लासरूम का होता है ,इसलिए सभी विद्यार्थी नियमित कक्षा में उपस्थित होकर एकाग्र और समर्पित भाव से अध्ययन ड्डअध्यापन कर अपने जीवन में सफल होने से ही सही अर्थों में शिक्षकों का सम्मान कर सकते हैं । इसके बाद सभी विद्यार्थियों ने शिक्षको का तिलक लगाकर और आरती उतार कर स्वागत एवं अभिनंदन किया । शिक्षक दिवस समारोह के उपरांत वाणिज्य संकाय के सीनियर विद्यार्थियों ने जूनियर विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस अवसर पर पहले सीनियर विद्यार्थियों ने अपना परिचय दिया और जूनियर की मांग पर सॉन्ग डांस प्रस्तुत किया। इसके बाद जूनियर विद्यार्थियों ने भी अपना परिचय दिया और बेझिझक होकर सीनियरों की मांग पर अपनी प्रतिभा का परिचय दिखाए । दो घंटे मस्ती और उत्साह के माहौल के बाद स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेते हुए सभी सीनियर ने जूनियर से अध्ययन अध्यापन में सहयोग की बात कही। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकगण सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे ।विद्यार्थियों को विभिन्न खिताब से सम्मानित भी किया गया।

विप्र कॉलेज इंटरकॉलेज पुरुष फुटबॉल में बना, चैंपियन

राज्य शासन के उच्चशिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित इंटरकॉलेज पुरुष फुटबॉल का आयोजन श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में 24 सितंबर से शुरू हुआ। इसमें 11 कॉलेज की टीम ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज विप्र कॉलेज और यू टी डी के बीच खेला गया। रोमांचक मैच में विप्र कॉलेज ने यू टी डी को 3–2 से पराजित किया। विप्र कॉलेज लगातार तीसरी बार राज्य शासन के उच्चशिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित इंटरकॉलेज पुरुष फुटबॉल में चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया।

एन एस एस दिवस में एन एस एस स्वयंसेवक द्वारा शपथ ग्रहण कार्यक्रम

Library





कंप्यूटर डिपार्टमेंट द्वारा प्रवेशोत्सव समारोह का हुआ आयोजन

विप्र कॉलेज में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत समारोह 21 सितंबर छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में कंप्यूटर एवम विज्ञान संकाय के नव प्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र के भविष्य हैं और इन विद्यार्थियों का निर्माण शिक्षक का दायित्व है। सभी विद्यार्थियों अपने शिक्षकों से उचित मार्ग दर्शन ले साथ ही साथ अपने सीनियर से भी सहयोग ले। विद्यार्थी भविष्य के आदर्श नागरिक बनकर राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकते हैं। आप सभी विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल हो। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने नई शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थियों को नियमित कक्षा में उपस्थित होने को कहा जिसे आप सभी विद्यार्थी सेमेस्टर परीक्षा सरलता से पास कर सकते है। साथ ही उन्होंने कहा की कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं का उचित उपयोग कर अपना ज्ञान का विकास कर सकते है। जिससे अपने जीवन में सफल हो सके। इसके बाद सभी कंप्यूटर व विज्ञान संकाय के सीनियर विद्यार्थियों ने जूनियर विद्यार्थियों का स्वागत किया। इस अवसर पर पहले सीनियर विद्यार्थियों ने अपना परिचय दिया और जूनियर की मांग पर सॉन्ग डांस प्रस्तुत किया। इसके बाद जूनियर विद्यार्थियों ने भी अपना परिचय दिया और बेझिझक होकर सीनियरों की मांग पर अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाए । जूनियर्स के परफॉर्मेंस के आधार पर बी सी ए प्रथम सेमेस्टर के अनुष्का झा को मिस फ्रेशर और हर्ष साहू को मिस्टर फ्रेशर चुना गया । बी एस सी प्रथम सेमेस्टर के किशन साहू को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर के सुमन बाघमार को मिस फ्रेशर और रूपानंद मिरी को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। दो घंटे मस्ती और उत्साह के माहौल के बाद स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेते हुए सभी सीनियर ने जूनियर से अध्ययन अध्यापन में सहयोग की बात कही। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकगण सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

हिंदी दिवस पर छात्रों द्वारा कविता पाठ

महाविद्यालय द्वारा हिंदी दिवस के अवसर पर इंटर क्लास कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओं ने सहभागिता दिखाई देश भक्ति के जज्बे को अपनी कविता से बया किया गया तो वही नारी की व्यथा, वर्तमान समय में नारी को उसकी शक्ति से परिचित कराते हुए कविता प्रस्तुत की गई. तो वही युवा आंखों के सपनों को आसमान छूने की ख्वाहिश को व्यक्त किया गया. सभी प्राध्यापकों की उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ

वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा मोटिवेशनल मूवी शो का आयोजन किया गया। फिल्म का शीर्षक - 12वीं फेल

22 सितंबर 2024 वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा बीबीए छात्रों का पीपीटी प्रेजेंटेशन सत्र आयोजित किया गया।

महाविद्यालय में विप्र हाट बाजार का आयोजन शिक्षा एवं वाणिज्य प्रबंध विभाग द्वारा किया गया

दीपावली के पावन अवसर पर विप्र हाट बाजार में रोचक गेम के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों की खुशबू रायपुर. 26 अक्टूबर दीपावली के पावन अवसर पर महाविद्यालय में विप्र हाट बाजार का आयोजन शिक्षा एवं वाणिज्य प्रबंध विभाग द्वारा किया गया। विप्र हाट बाजार का उद्घाटन मुख्य अतिथि विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि विप्र हाट बाजार में विद्यार्थियों द्वारा निर्मित आकर्षक एवं मनमोहक दियों के साथ दीपावली के अवसर पर सजावट की वस्तुएं का स्टाल लगाया गया, साथ ही छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के साथ भारत के विभिन्न प्रांतो के स्वादिष्ट और चटपटे व्यंजनों का आनंद विद्यार्थियों के साथ उनके पालक और विप्र समाज के सदस्यों ने लिया। फरा , चिला ,चौसला जैसे छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के साथ इडली वडा पाव ,जलेबी ,अप्पे जैसे व्यंजनों का मजा सभी ने लिया। आंखों में पट्टी बांधकर मटकी फोड़ना, बिंदी लगाना जैसे आकर्षक और मजेदार गेम मे जीतने से ज्यादा हारने का मजा आया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए मेहंदी, रंगोली, कलश सज्जा आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।मेहंदी में प्रथम स्थान अंजलि नायक बीकॉम द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान पीजीडीसीए के रीना ओझा प्राप्त किया । रंगोली में प्रथम लता साहू बी.काम सेकंड ईयर और पीजीडीसीए के फुलेश्वरी साहू द्वितीय स्थान पर रही। कलश सज्जा प्रतियोगिता में बीकॉम प्रथम वर्ष की दो विद्यार्थियों सोनल ने प्रथम स्थान और डाली साहू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

विप्र कॉलेज में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए हुआ, रुबरु का आयोजन

छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में शिक्षा विभाग के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह रूबरू 24 का आयोजन सीनियर विद्यार्थियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने कहा कि एक उत्तम विद्यार्थी में ही उत्तम शिक्षक बनने की संभावनाएं होती है । आप देश के भावी भविष्य के भावी निर्माता हो। अगर आज आप अच्छे विद्यार्थी बनेंगे, अपने विषय में पारंगत होंगे, तभी आप अच्छे शिक्षक बन सकते हैं। इसलिए महाविद्यालय के संसाधनों का उपयोग करते हुए आपको अपना प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरी ईमानदारी और मेहनत के साथ पूर्ण करना चाहिए। इसके बाद शिक्षा विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. दिव्या शर्मा ने नॉन अटेंडिंग के भ्रम को दूर करने विद्यार्थियों को शपथ दिलाया कि अपना पाठ्यक्रम पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पूर्ण करेंगे एवं एक अच्छे शिक्षक बनने के सारे गुण अपने अंदर विकसित करेंगे। इसके बाद मंच विद्यार्थियों को सौंप दिया गया। सबसे पहले सीनियर विद्यार्थियों ने अपना परिचय दिया और अपने अनुभव से जूनियर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इसके बाद जूनियर विद्यार्थी ने भी अपना परिचय दिया और सीनियर विद्यार्थियों की मांग पर डांस और सॉन्ग प्रस्तुत किया ।विद्यार्थियों ने इस अवसर पर रोमांचक और मजेदार गेम का भी आनंद लिया। चार घंटे की यादगार समारोह के बाद विद्यार्थियों ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेते हुए अध्ययन अध्यापन में एक दूसरे की सहायता करने की बात कही। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के समस्त विद्यार्थियों सहित प्राध्यापक ।

विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं के साथ–साथ छात्रों ने भी उत्साह के साथ भाग लिया। बीकॉम द्वितीय वर्ष के अंजलि नायक ने भविष्य के नारी के लिए अधिकार, समानता, सुरक्षा और शक्ति को आवश्यक बताते हुए आकर्षक रंगोली बनाकर प्रथम स्थान हासिल किया । बीकॉम द्वितीय वर्ष के ही लता साहू ने महिलाओं की समस्याओं को उजागर करने वाली रंगोली बनाकर द्वितीय स्थान हासिल किया। प्राचार्य डॉ .मेघेश तिवारी ने विद्यार्थियों के बनाए रंगोली की सराहना करते हुए कहा कि रंगोली अपने भावों को अभिव्यक्त करने की कला है। सुमन पांडे एवं दीपशिखा शर्मा रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायक थे। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापको सहित बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों ने रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया।



महाविद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा POSTER MAKING COMPETITION का आयोजन

इस वर्ष हमारे महाविद्यालय में शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 23/11/24 कोशिक्षा विभाग द्वारा **POSTER MAKING COMPETITION** का आयोजन किया गया, जिसका **TOPIC (IMPACT OF SOCIAL MEDIA)** था, जिसमें सभी संकाय के विद्यार्थियों ने बढ़ – चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें प्रथम स्थान सौरभ साहू (बी.एड. प्रथम सेम.) ने प्राप्त किया, द्वितीया स्थान पर साहिल राय (बी. कॉम–प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया एवं तृतीय स्थान पर कमलेश साहू (बी. काम–तृतीय वर्ष) ने प्राप्त किया।

इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता में विप्र कॉलेज छठवीं बार चैंपियन बनने से चुकी

विप्र कॉलेज छठवीं बार चैंपियन बनने से चुकी, हरिशंकर कॉलेज बनी विजेता

'छत्तीसगढ़' संवाददाता

गरुयुर, 1 दिसंबर। उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शंकराचार्य कॉलेज द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता में विप्र कॉलेज छठवीं बार चैंपियन बनने से चुकी।

शंकराचार्य कॉलेज मैदान में खेले गए फाइनल मैच में पहले बैटिंग करते हुए विप्र कॉलेज ने 20 ओवर में 112 रन का लक्ष्य दिया, जिसे हरिशंकर कॉलेज ने 7 विकेट के नुकसान पर प्राप्त कर जीत दर्ज करते हुए विजेता बनी और विप्र कॉलेज लगातार छठी बार उपविजेता बनने से चुकी।

शंकराचार्य कॉलेज द्वारा आयोजित इंटरकॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह विप्र कॉलेज के प्राचार्य एवं कार्य परिषद के सदस्य डॉ. मेघेश तिवारी के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. मनोज शर्मा प्राचार्य शंकराचार्य कॉलेज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। अतिथियों ने विजेता, उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। समारोह का संचालन डॉ. कैलाश शर्मा ने किया। इस अवसर पर विजय शर्मा, प्यारेलाल साहू, डॉ. राजेश जंघेल, राजेश तिवारी, शबा कुरैशी सहित आयोजक महाविद्यालय के प्राध्यापक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता में विप्र कॉलेज छठवीं बार चैंपियन बनने से चुकी, हरिशंकर कॉलेज विजेता उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीस द्वारा आयोजित इंटर कॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता में विप्र कॉलेज छठवीं बार चैंपियन बनने से चुकी। श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीस मैदान में खेले गए फाइनल मैच में पहले बैटिंग करते हुए विप्र कॉलेज ने 20 ओवर में 113 रन का लक्ष्य दिया, जिसे हरिशंकर कॉलेज ने 7 विकेट के नुकसान पर प्राप्त कर जीत दर्ज करते हुए विजेता बनी और विप्र कॉलेज लगातार छठी बार उपविजेता बनने से चुकी। श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीस द्वारा आयोजित सेक्टर स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन क्रिकेट प्रतियोगिता में 18 कॉलेज शामिल थे। 22 नवंबर से आयोजित प्रतियोगिता का फाइनल मैच विप्र महाविधालय एंव हरिंशकर महाविद्यालय के बीच खेला गया जिसमें विप्र महाविधालय में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया अनुराग ने 28 बॉल में 34 रन बनाए हरिशंकर कालेज के शुभम् के ०3 विकेट लिए विप्र कॉलेज के 113 रन बनाकर 114 रन का टारगेट दिया जिसमे हरिशंकर कॉलेज ने ०7 विकेट खोकर खिताब पर कब्जा किया। हरिशंकर कॉलेज के क्रितेश ने 11 बॉल में 22 रन बनाए।शंकराचार्य कॉलेज द्वारा आयोजित इंटरकॉलेज क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह विप्र कॉलेज के प्राचार्य एवं कार्य परिषद के सदस्य डॉ. मेघेश तिवारी के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ. मनोज शर्मा प्राचार्य शंकराचार्य कॉलेज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। अतिथियों ने विजेता, उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। समारोह का संचालन डॉ. कैलाश शर्मा ने किया। इस अवसर पर विजय शर्मा, प्यारेलाल साहू, डॉ. राजेश जंघेल, राजेश तिवारी, शबा कुरैशी सहित आयोजक महाविद्यालय के प्राध्यापक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

विप्र कॉलेज में कंप्यूटर विभाग द्वारा समूह नृत्य और एकल नृत्य का आयोजन

विप्र कॉलेज में कंप्यूटर विभाग द्वारा समूह नृत्य और एकल नृत्य का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान हिमांशी एंड ग्रुप फिजिकल एजुकेशन दूसरा स्थान कशिश सेंड ग्रुप बीकॉम ने प्राप्त किया इसी कड़ी एकल नृत्य कंपटीशन में प्रथम स्थान कशिश बीकॉम फर्स्ट ईयर दितीय स्थान अंजलि BCA सेकंड ईयर और तीसरा स्थान लोकेश फिजिकल एजुकेशन प्राप्त किया

विप्र महाविद्यालय में कंप्यूटर डिपार्टमेंट के द्वारा 18 अक्टूबर को पीपीटी प्रेजेंटेशन कार्यक्रम आयोजित

विप्र महाविद्यालय में कंप्यूटर डिपार्टमेंट के द्वारा 18 अक्टूबर को पीपीटी प्रेजेंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कुल 32 छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया छात्र–छात्राओं ने नई तकनीकी AI, ऑपरेटिंग सिस्टम अलग–अलग प्रकार के, इंटरनेट के द्वारा हो रहे क्राइम, सिक्योरिटी ऑफ़ इंटरनेट एंड ग्लोबल वर्ल्ड क्लाउड कंप्यूटिंग जैसे विषयों पर अपने विचार प्रकट किया. कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के नाम इस तरह हैं 1 खुशी ठाकुर ,2 यश कुमार, 3 सुमीत कुमार



मोहल्ले में किताब कुटिया : विप्र कॉलेज के शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों द्वारा

छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने डूमर तालाब से संलग्न बस्तीयों में जनमानस में पढ़ने की अभिरुचि के उद्देश्य से किताब कुटिया का संचालन किया । किताब कुटिया में बच्चों के साथ बड़े बुजुर्ग और महिलाओं ने भी पुस्तक पढ़ने का आनंद लिया। किताब कुटिया में बच्चों, युवा, बुजुर्गों के साथ महिलाओं के लिए भी किताबें हैं । बच्चों ने कॉमिक्स बुक जैसे लोटपोट, चंपक, नंदन ,बाल भूमि सहित महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद ,सुभाष चंद्र बोस जैसे महापुरुषों की जीवनी की किताबें पढ़ना पसंद किया । बुजुर्गों ने अखंड ज्योति ,रामचरितमानस जैसे आध्यात्मिक पत्रिकाएं पढ़ने में तल्लीन रहे। महिलाओं ने गृह सभा, सहेली के साथ प्रेरक प्रसंग और आत्मा विकास पत्रिकाओं में रुचि दिखाई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने किताबों से दोस्ती करने का संदेश देते हुए कहा कि किताबें पढ़ना मनुष्य होने की निशानी है। किताबें पढ़ने से दुनिया की जानकारी के साथ–साथ अनुभव प्राप्त होता है।विप्र महाविद्यालय सदैव सामाजिक सरोकार के अंतर्गत वर्षों से नवंबर माह में नवाचार किताब कुटिया का संचालन करती रही है। इस अवसर पर समस्त प्राध्यापको सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

डॉ. विपिन दुबे ने विप्र कॉलेज में जल संरक्षण और वर्षा जल संग्रहण की जानकारी दी

डॉ. विपिन दुबे ने विप्र कॉलेज में जल संरक्षण और वर्षा जल संग्रहण की दी,अंचल के प्रसिद्ध भूजल वैज्ञानिक रेनवाटर हार्वेस्टिंग एवं जल संरक्षण विशेषज्ञ डॉ. विपिन दुबे ने विप्र कॉलेज में स्टॉफ कॉउन्सिल के सदस्यों को जल संरक्षण और वर्षा जल संग्रहण (रेनवाटर हार्वेस्टिंग) की जानकारी दी। डॉ.विपिन दुबे ने अपने सम्बोधन में न केवल वर्षा जल संचयन की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया, बल्कि इससे होने वाले लाभों की भी जानकारी दी । जल के महत्व को रेखांकित करते हुए डॉ विपिन दुबे ने बताया कि हम वर्षा जल का संग्रहण कर रोजमर्रा की जरूरतों के लिए उपयोग कर सकते हैं और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित कर सकते हैं। साथ ही, उन्होंने पीने योग्य पानी को बचाने के व्यावहारिक उपायों से अवगत किया।, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संकट से बचा जा सके। डॉ. विपिन दुबे द्वारा जल संरक्षण और वर्षा जल संग्रहण (रेनवाटर हार्वेस्टिंग) की जानकारी विप्र कॉलेज के स्टॉफ कॉउन्सिल के सदस्यों के लिए अनुभव बेहद सुखद और प्रेरणादायक रहा, जिसमें सभी ने जागरूकता और अपनी जिम्मेदारी समझने का भाव प्रकट किया।

कॉमर्स विभाग द्वारा गीत और समूह गीत प्रतियोगिता का आयोजन

कॉमर्स विभाग द्वारा गीत और समूह गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एकल गीत में प्रथम स्थान नवीन कृष्णा B.Ed, द्वितीय स्थान शशांक B.com 1st ईयर तृतीय स्थान प्रज्ञा त्रिवेदी BCA द्वितीय ने प्राप्त किया। समूह गान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्रियांशु और ग्रुप द्वितीय स्थान अमन ग्रुप B.ed और तृतीय स्थान आशीष ग्रुप B.com 3rd ईयर ने प्राप्त किया

राज्य स्तरीय बास्केटबॉल हेतु रायपुर सेक्टर की टीम घोषित

उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में विप्र कला,वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा आठ एवं नौ अक्टूबर को अंतर महाविद्यालय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में खेल कौशल के आधार पर रायपुर सेक्टर टीम का गठन किया गया है । उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि रायपुर सेक्टर की टीम कल 16 अक्टूबर से रायगढ़ में आयोजित इंटर सेक्टर राज्य स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता में शामिल होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आज रायगढ़ रवाना होगी। रायपुर सेक्टर की टीम इस प्रकार है– मानसून बेग ,डोमेन्द वर्मा (दोनों सेंट विसेंट पैलोटी कॉलेज), पंकज धोतिया (विवेकानंद महाविद्यालय), देवेंद्र बंजारे ,दिनेश बाग ,आदित्य क्षेत्रपाल (तीनों दुर्गा महाविद्यालय), दीपेश ध्रुव (विप्र कॉलेज),अनिकेत , हर्ष भारती (दोनों महन्त कॉलेज), धीरेंद्र वर्मा (विवेकानंद महाविद्यालय), वीरेंद्र (महंत महाविद्यालय) सत्येंद्र (सेंट विसेन्ट पैलोटी कॉलेज)। तथा ज्ञानेंद्र भाई, विप्र महाविद्यालय टीम के कोच व मैनेजर होंगे।

पोस्टर निर्माण कार्यक्रम एन एस एस स्वयंसेवकों द्वारा पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत थीम के तहत एन.एस.एस.

गांधी जयंती के अवसर पर एनएसएस सेल द्वारा पोस्टर निर्माण कंपटीशन का आयोजन किया गया जिसकी थीम स्वच्छता और सद्भावना थी जिसमें कॉलेज के ३० स्टूडेंट ने पार्ट लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा वाणिज्य विभाग द्वारा आयोजित की गई

कौशल विकास का नियोजन एवं संगठन पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन

विप्र महाविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा बी.एड. प्रशिक्षार्थीयों हेतु नई तालीम विषय के अंतर्गत दिनांक 18/11/2024 को कौशल विकास का नियोजन एवं संगठन पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ अरुण कुमार दुबे, प्राचार्य कोलंबिया कॉलेज थे। जिसमे उन्होंने कौशल विकास की विभिन्न विधियों पर प्रकाश डालते हुए व्यक्ति के सर्वांगिन विकास की बात कही।

इंटरकॉलेज वॉलीबॉल विप्र कॉलेज बना विजेता

इंटरकॉलेज वॉलीबॉल विप्र कॉलेज बना विजेता , महंत कॉलेज को सीधे सेट में हराकर जीता ख़िताब रायपुर। उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में महंत कॉलेज द्वारा आयोजित दो दिवसीय इंटरकॉलेज वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विप्र महाविद्यालय ने महंत लक्ष्मी नारायण दास महाविद्यालय को सीधे सेट में हराकर विजेता का खिताब जीत लिया वही महंत कॉलेज टीम को उपविजेता घोषित किया गया ।

कंप्यूटर साइंस के छात्रों द्वारा शिक्षक दिवस पर प्राध्यापकों का सम्मान

विप्र कॉलेज में 5 सितंबर को कंप्यूटर साइंस के बच्चों द्वारा टीचर्स डे का सेलिब्रेशन किया गया जिसमें बच्चों द्वारा कई तरह के गेम्स टीचर्स के लिए कराए गए सभी टीचर्स का सम्मान किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और धन्यवाद दिया।

सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा में डॉ. मेघेश तिवारी हुए, सम्मानित

सपाद लक्षेश्वर धाम सलधा में दंडी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज के प्रथम चातुर्मास व्रत अनुष्ठान के अवसर पर विप्र कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी का शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय कार्य परिषद के सदस्य मनोनीत होने पर सम्मानित किया गया। डॉ .मेघेश तिवारी ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि सम्मान के रूप में दंडी स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज जी के आशीर्वाद से शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने के लिए नवीन उत्साह और ऊर्जा प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अंचल में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभूतियों को भी सम्मानित किया ।

B.Ed अलुमनी प्रज्ञा अग्रवाल बहनो ने ग्रंथालय मे बुक बैंक के लिए Education एवम Science की 34 पुस्तके डोनेट की।

अनिता भंडारी, विदिशा चौरसिया, प्रज्ञा अग्रवाल एवम निष्ठा बघेल

बी एड द्वारा शिक्षक दिवस समारोह

ई बुलेटिन विमोचन

विप्र कॉलेज में राज्य स्तरीय टी.एल.एम. प्रतियोगिता में दिखे, रोचक और ज्ञानवर्धक वर्किंग मॉडल

छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला , वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा 16 वीं राज्य स्तरीय टीचिंग लर्निंग मटेरियल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों ने बढ़ – चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपने–अपने वर्किंग मॉडल को प्रदर्शित किया । जिसके अंतर्गत पर्यावरणीय समस्याओं से संबंधित तथाभविष्य में होने वाली सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु तरह–तरह के वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के साथ–साथ विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक गण भी उपस्थित थे। इस अवसर पर विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता का उद्देश्य शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों में बौद्धिक स्तर का विकास करना है। जिससे विद्यार्थि स्वयं को नवाचार से जोड़ सकें एवं अध्ययन अध्यापन के साथ दक्षता और कुशलता हासिल कर सके । शिक्षा विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ .दिव्या शर्मा द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम ों का महत्व बताते हुए बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में डॉ मधु अग्रवाल (पं. रवि. शुक्ल वि. वि.), डॉ मोनिका चौबे (क्रूति स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट कॉलेज) एवं साधना शर्मा ग्रेसियस कॉलेज ऑफ एजुकेशन)उपस्थित थी। 16 वीं राज्य स्तरीय टीचिंग लर्निंग मटेरियल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृति स्कूल आफ मैनेजमेंट के यशराज देवांगन ने प्राप्त किया ।दूसरा स्थान पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग की छात्रा प्रियंका ठाकुर ने तथा स्पेक्ट्रम कॉलेज के दर्शन साहू तीसरे स्थान पर रहे ।प्राचार्य डॉ मेघेश तिवारी ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया । इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालय के प्राध्यापक गण सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। विप्र पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भी मॉडल का अवलोकन कर रोचक और ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त किया।

विप्र कॉलेज में कंप्यूटर डे' पर बेस्ट ऑफ ई-वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन

विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में कंप्यूटर विभाग द्वारा कंप्यूटर डे के अवसर पर बेस्ट इन ई–वेस्ट मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें डिपार्टमेंट ऑफ़ कंप्यूटर साइंस के छात्र–छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यार्थियों ने इलेक्ट्रॉनिक स्केलेटन इलेक्ट्रॉनिक स्पाइडर और कीबोर्ड की सहायता से पेन होल्डर, फोटो फ्रेम, सीडी के द्वारा फ्लावर पॉट, रोबोट, **e – Tree,** मिरर होल्डर जैसी बहुत सारी चीज बनाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों के इस प्रकार की कलात्मक अभिरुचि उन्हें नई सोच और नई दिशा देगी। मगर विद्यार्थी याद रखें कि यह शुरुआत है। उनकी सोच गहरी और विकसित होनी चाहिए, जिससे नवाचार और नव प्रवर्तन को बढ़ावा मिले। प्रथम स्थान पर पीजीडीसीए से प्रीति, जूही और ग्रुप द्वितीय स्थान पर तन्वी और यश और ग्रुप, तृतीय स्थान पर सज्जन और हर्ष रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा निर्मित मॉडल का अवलोकन सभी प्राध्यापक गण एवं विद्यार्थियों ने किया।

''विद्यार्थी के लिए ई- कटेंट का उपयोगी बनाना शिक्षक की जिम्मेदारी'' प्रो. एस.के. पांडे
ई कटेंट डेवलपमेंट विषय पर विप्र कॉलेज में तीन दिवसीय नेशनल वर्कशॉप

5 दिसंबर. विप्र कला,वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय एवं विवेकानंद महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में वाणिज्य एवं प्रबंध संकाय द्वारा ई कंटेंट डेवलपमेंट विद एक्सेसिबल प्लेटफॉर्म इन वेरियस फैकल्टी ऑफ़ स्टडीज विषय पर आयोजित तीन दिवसीय नेशनल वर्कशॉप का उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि प्रोफेसर एस.के. पांडेय (पूर्व कुलपति, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर) की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रो. एस.के. पांडेय ने कहा कि ई कंटेंट को विद्यार्थी के लिए उपयोगी बनाना शिक्षक का जवाबदारी है ।हम डिजिटल इंडिया के सही भागीदारी तभी होंगे ,जब आवश्यकता के अनुसार ई कंटेंट का उपयोग करना सीख जाएंगे ।यह आज के वक्त की मांग है। विकसित भारत डिजिटल इंडिया से ही संभव है और डिजिटल इंडिया ई कंटेंट के सही उपयोगिता पर निर्भर है। विज्ञान और तकनीक ने बहुत कुछ दिया है ,आज इंटरनेट का जमाना है। पर यह उपयोगी होने के साथ–साथ आज की युवा पीढ़ी के लिए खतरनाक भी है। इसलिए इसके गलत उपयोग से बचते हुए सही उपयोग के लिए विद्यार्थी को गाईड करना प्राध्यापक की जवाबदारी है ।अत ई कंटेंट डेवलपमेंट विषय पर वर्कशॉप का आयोजन वर्तमान समय में आवश्यकता के अनुरूप है। इसके पूर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि ई कंटेंट डेवलपमेंट से अध्यापकों को अपडेट करने के लिए और वर्तमान समय में शोध के लिए उपयोगी यह कार्यशाला निश्चित ही अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में सफल होगा। इस अवसर पर विवेकानंद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने कहा कि विचारों का आदान–प्रदान होना चाहिए ।पहले पढ़ने के लिए मटेरियल नहीं था ।भाषा की भी समस्या थी। पर आज डिजिटल युग में हर विषय में ढेर सारे मटेरियल उपलब्ध है ।इसमें विद्यार्थी के लिए कौन सा उपयोगी है और कितना विश्वसनीय हैं, यह ई कंटेंट के विषय में बहुत बड़ी समस्या है ।अतः इस समस्या के समाधान के लिए विषय विशेषज्ञों की मदद से जानकारी प्राप्त होगा तो निश्चित ही प्राध्यापकों और शोधार्थी को लाभ होगा। इसके पूर्व तीन दिवसीय कार्यशाला के कार्यक्रम का विवरण विप्र कॉलेज के सहायक प्राध्यापक एवं कार्यशाला के संयोजक डॉ. आराधना शुक्ला ने प्रस्तुत किया। उद्घाटन समारोह के अंत में आभार प्रदर्शन विवेकानंद कॉलेज के प्रबंध संकाय विभागाध्यक्ष डॉ .अशोक कुमार झा ने किया। उद्घाटन समारोह के बाद प्रथम तकनीकी सत्र के मुख्य वक्ता विषय विशेषज्ञ डॉ. विनोद कुमार पटले (एसोसिएट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ स्टडीज कंप्यूटर साइंस पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर) ने लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए ई– कंटेंट के लिए विभिन्न प्लेटफार्म को उपयोग करने की विधि से अवगत कराया ।साथ ही उन्होंने ई कंटेंट एनालिसिस, डिलीवर प्रोसेस और इफेक्टिव बनाने के मेथड से अवगत कराया द्यदूसरे तकनीकी सत्र में विषय विशेषज्ञ डॉ .महेश एन. जीवानी(प्रोफेसर एवं हेड डेवलपमेंट ऑफ़ इलेक्ट्रॉनिक्स सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी गुजरात)ने अपने व्याख्यान में ए. आई .के प्रयोग द्वारा इफेक्टिव पीपीटी एवं वीडियो बनाने के मेथड से अवगत कराया। वर्कशॉप का संचालन विप्र कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. निधि श्री शुक्ला ने किया ।अंत में प्रथम दिवस के तकनीकी सत्र का सारांश विप्र कॉलेज वाणिज्य संख्या के विभागाध्यक्ष डॉ .विवेक कुमार शर्मा ने प्रस्तुत किया। वर्कशॉप में विप्र एवं विवेकानंद महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक सहित पंजीकृत शोधार्थी शामिल हुए। दूसरे दिवस 6 दिसंबर शुक्रवार को कार्यशाला के द्वितीय दिवस प्रथम तकनीकी सत्र में विषय विशेषज्ञ डॉ. आशीष दुबे (सहायक प्राध्यापक विवेकानंद महाविद्यालय रायपुर) का व्याख्यान एंव दूसरे तकनीकी सत्र में डॉ. विनोद कुमार पटले (एसोसिएट प्रोफेसर स्कूल ऑफ़ स्टडीज कंप्यूटर साइंस पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर) का व्याख्यान हुआ । तीसरे दिवस 7दिसंबर समारोह मुख्य अतिथि डॉ. गिरीश कांत पांडे (पूर्व कुलसचिव, पंडित रविशंकर शुक्ल महाविद्यालय रायपुर एवं प्राचार्य ,शासकीय महाविद्यालय नवागढ़) एवं विशिष्ट अतिथि प्रो. प्रीति के .सुरेश (संचालक, मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर एवं प्रोफेसर ,इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर)की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रो.गिरीश कांत पांडेय ने कहा कि आज की पीढ़ी डिजिटल वर्ल्ड में रहती है। उसे शिक्षित करने के लिए विश्वसनीय ,प्रमाणित और गुणवत्तापूर्ण ई कंटेंट आवश्यक हो गया है। आज के विद्यार्थी को क्लास रूम में बांधकर नहीं रखा जा सकता। सिर्फ उसे क्लासरूम में सीखाकर ई कंटेंट के माध्यम से अपनी जानकारी को विस्तार देने की दिशा में ले जाना प्राध्यापक के लिए उचित है। इसके लिए आज हर शिक्षक को ई कंटेंट डेवलप करना आना चाहिए। साथ ही विद्यार्थियों को यह भी बताना होगा की कौन से विषय का कौन सा चैप्टर के लिए ई कंटेंट कहां–कहां से मिल सकता है। क्योंकि आज की पीढ़ी जिस माध्यम से सीखना चाहता है, उसे इस माध्यम से सीखना होगा और वह माध्यम आज के समय में ऑनलाइन क्लास या ई कंटेंट ही हो सकता है। इस अवसर पर प्रो. प्रीति के. सुरेश ने कहा कि वर्तमान समय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए ई कंटेंट विकसित करना आवश्यक हो गया है ।छात्रों तक पहुंचाने के लिए ई कंटेंट को विकसित करने का हम जितना भी प्रैक्टिस करते जाएंगे, उतना यह सीखने और सीखने की प्रक्रिया में सहयोगी होता जाएगा। इसके पूर्व विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कोरोना काल ने हम सबको सिखाया है कि ऑनलाइन क्लास मजबूरी में ही सही पर विद्यार्थियों को शिक्षित करने के लिए जरूरी है और ऑनलाइन क्लास के बाद विद्यार्थियों तक पाठ्य सामग्री पहुंचाने के लिए ई कंटेंट महत्वपूर्ण बन गया है।

यह वर्कशॉप महत्वपूर्ण और समसामयिक बन गया है क्योंकि डिजिटल इंडिया के बिना विकसित भारत संभव नहीं है। इस अवसर पर विवेकानंद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने तीन दिवसीय कार्यशाला का रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि इस कार्यशाला से ई कंटेंट विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी मिली हैं।अतः यह कार्यशाला तभी सफल माना जाएगा, जब हम सभी प्राध्यापक गुणवत्तापूर्ण ई कंटेंट डेवलप करके विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराए। इसके पूर्व प्रथम तकनीकी सत्र के विषय विशेषज्ञ डॉ. ममता ब्रह्मभट्ट (प्रोफेसर एंड हेड ,डिपार्टमेंट आफ बिजनेस इंटेलिजेंस बीके स्कूल आफ प्रोफेशनल एंड मैनेजमेंट स्टडीज गुजरात यूनिवर्सिटी) ने मूक ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान किया ।दूसरे तकनीकी सत्र के विषय विशेषज्ञ प्रो. प्रीति के. सुरेश (संचालक एमएमटीटी सेंटर एवं प्रोफेसर इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी ,पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर) ने भौतिक सम्पदा संरक्षण के लिए कॉपीराइट के नियमों और कॉपीराइट की पद्धति की जानकारी दी। वर्कशॉप का संचालन विप्र कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. निधि श्री शुक्ला ने किया। अंत में आभार प्रदर्शन वर्कशॉप के संयोजक डॉ. आराधना शुक्ला ने किया। इस अवसर पर दोनों कॉलेज के समस्त प्राध्यापक सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

विप्र कॉलेज में प्रकृति परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन

विप्र महाविद्यालय में आयुर्वेदिक महाविद्यालय द्वारा विशेष प्रकृति परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ मेघेश तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को उनके शरीर की प्रकृति और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर के डॉ आशीष शर्मा, डॉ हरीश साहू, डॉ योगराज प्रजापति, डॉ निकिता मिंज, डॉ नम्रता भगत, डॉ योगिता शर्मा, डॉ धर्मेंद्र बिंझवार, डॉ दीपिका दास, डॉ आनंदिता पांडे, डॉ चंपा साहू की उपस्थिति में लगभग 600 विद्यार्थियों का परीक्षण किया गया। उन्होंने आयुर्वेदिक चिकित्सा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शरीर में वात, कफ और पित्त जैसे दोष किस प्रकार संतुलन बिगाड़ सकते हैं और इनके असंतुलन से विभिन्न बीमारियाँ हो सकती हैं। डॉ आशीष शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संविधान दिवस पर लॉन्च किए गए प्रकृति परीक्षण ऐप के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस ऐप के माध्यम से व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत जानकारी भरकर अपने शरीर की प्रकृति को जान सकता है। साथ ही, यह ऐप मौसमी बीमारियों से बचाव, उचित आहार, जीवनशैली और स्वास्थ्य संबंधी सुझाव समय–समय पर संदेश के माध्यम से प्रदान करता है। विद्यार्थियों को आयुर्वेद और प्रकृति परीक्षण से संबंधित उपयोगी जानकारी भी दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि विभिन्न ऋतुओं में भोजन और दिनचर्या कैसी होनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सुझावों को समझा और प्रकृति परीक्षण ऐप को उपयोग करने का संकल्प लिया।

विप्र महाविद्यालय में बीकॉम, बीएससी एवं बीसीए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियो के लिए प्री सेमेस्टर परीक्षा का आयोजन

विप्र महाविद्यालय में बीकॉम, बीएससी एवं बीसीए प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियो के लिए प्री सेमेस्टर परीक्षा एवं अन्य सभी कक्षाओं के लिए अर्ध्दवार्षिक परीक्षा का आयोजन किया गया।

मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर निर्देशन एवं परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा आयोजन

निर्देशन एवं परामर्श प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के अंतर्गत सुश्री लीना सिंह पी एस डब्लू स्पर्श क्लिनिक मनोरोग विभाग जिला अस्पताल पंडरी रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा मानसिक स्वास्थ्य विषय को लेकर विभिन्न गतिविधियों नृत्य एवं बहुत से टास्क के माध्यम से छात्रों से जुड़कर गंभीर विषय जैसे चिंता तनाव अवसाद पैनिक डिसआर्डर आदि बिंदुओं को आसान शैली के माध्यम से समझाने का प्रयास किया। मानसिक रोग व्यक्ति को व्यक्ति से अलग करने लगती है, इसे दूर करने के लिए सही गाइड लाइन की आवश्यकता होती है। अपने एक दिवसीय कार्यशाला में मैडम द्वारा विभिन्न एक्टीविटी कराईं गई एवं विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए जिज्ञासा भरे प्रश्नों का जवाब दिया। इस कार्यशाला से सभी छात्राएँ लाभान्वित हुए।

वीर बाल दिवस का आयोजन

24 दिसंबर 2024 को वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया जिसमें गुरु गोविंद सिंह के बेटों की शहादत को याद किया गया । किस तरह अपने देश की रक्षा के लिए उन्होंने अपना बलिदान दे दिया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा कुछ कविताएं और गुरु गोविंद सिंह के जीवन पर अपनी अभिव्यक्तियां प्रस्तुत की।

कॉमर्स विभाग द्वारा पूर्व छात्र मिलन सम्मेलन का आयोजन

28 साल पुराने छात्र हुए, शामिल महाविद्यालय में एलुमिनी एसोसिएशन द्वारा वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के पूर्व विद्यार्थियों का सम्मेलन का आयोजन किया गया। कॉलेज के 28 साल पुराने छात्र सी.ए. आकाश शर्मा प्रमुख रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विप्र महाविद्यालय से शिक्षित होकर आज हम सब जीवन के अच्छे मुकाम पर हैं। अब हम सब का दायित्व है, कि जिस महाविद्यालय से हमारा जीवन का निर्माण हुआ। उस महाविद्यालय के विकास में अब हम अपना योगदान दें। वर्तमान विद्यार्थियों को मार्गदर्शन और सहयोग देकर कैरियर निर्माण के लिए प्रेरित करें ।इससे पहले प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने पूर्व विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि भूतपूर्व छात्रों का मिलन समारोह प्रतिवर्ष होता रहा है। परंतु इस वर्ष विभागीय पूर्व छात्रों का मिलन समारोह में आज वाणिज्य और प्रबंध संकाय के विद्यार्थी उपस्थित हैं।

रंग तरंग वार्षिक उत्सव का आयोजन,"भारतीय संस्कृति और परंपरा की झलक "

वार्षिक उत्सव रंग तरंग में विभिन्न प्रांतो के परंपरा और संस्कृति की झलक विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रम में देखने को मिला। 29 वें रंगतरंग वार्षिक समारोह के उदघाटन अवसर पर प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने वार्षिक उत्सव को विद्यार्थियों का कार्यक्रम बताते हुए कहा कि क्लास रूम में पढ़ाई के बाद वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों के लिए यादगार दिन होता है। पदमा ओझा ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।
इसके बाद विद्यार्थियों के वार्षिक उत्सव रंग तरंग में सर्वप्रथम शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति की गई। फिर छत्तीसगढ़ी सॉन्ग संगी जहुरिया पर विद्यार्थियों के डांस से दर्शन भी झूमने लगे । वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने हनुमान चालीसा प्रस्तुत किया। योगा डांस के माध्यम से विद्यार्थियों ने योग के आश्चर्यजनक आसन प्रस्तुत किया। मोर संगवारी छत्तीसगढ़ी नृत्य ने सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। इसके उपरांत पंजाबी, राजस्थानी ,पहाड़ी, राउत नाचा ,संबलपुरी डांस, दक्षिण भारतीय शास्त्रीय नृत्य ने दर्शकों को बांधे रखा ।लगभग तीन घंटे तक शिक्षा, शारीरिक शिक्षा , कंप्यूटर और वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों के रंगारंग प्रस्तुति ने खूब वाह वाही लूटी और और दर्शकों को अपने साथ झूमने के लिए मजबूर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के संयोजक डॉ. आराधना शुक्ला ,डॉ. दीपशिखा शर्मा ,डॉ. निधि श्री शुक्ला, डॉ. कंचन मिश्रा ,अपूर्वा शर्मा और डॉ. प्रियंका तिवारी के दिशा निर्देश में विद्यार्थियों ने आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वार्षिक उत्सव रंग तरंग को यादगार बनाया। इस अवसर पर विप्र शिक्षण समिति के संचालक उमाकांत शर्मा, प्रमोद शर्मा ,आनंद पाण्डेय, डॉ. कैलाश शर्मा, डॉ. विवेक शर्मा, डॉ. दिव्या शर्मा मोहित श्रीवास्तव सहित समस्त प्राध्यापक और विद्यार्थी अपने पालकों के साथ उपस्थित रहकर वार्षिक उत्सव का आनंद लिया।

कॉलेज कौंसिल की बैठक

27 फरवरी 2025 को प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता मे कॉलेज कौंसिल की सातवी बैठक आहूत की गई जिसमे वार्षिक परीक्षा, सेमेस्टर की नियमित कक्षा संचालन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई साथ ही प्राचार्य ने प्राध्यापक मोहित श्रीवास्तव, राजेश तिवारी को जन्म दिवस पर बधाई प्रेषित की।

विश्व कैंसर दिवस

4 फरवरी जिसे हम विश्व कैंसर दिवस के रूप में मनाते हैं उस दिन विप्र महाविद्यालय में कंप्यूटर और साइंस डिपार्टमेंट के द्वारा छात्र–छात्राओं के बीच कैंसर जैसी बढ़ती बीमारी की जागरूकता के लिए सामूहिक रंगोली बनाकर प्रोग्राम किया गया जिसमें कंप्यूटर विभाग के फाइनल ईयर और सेकंड ईयर के छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया।



ICT सेल द्वारा नेशनल साइंस डे मनाया गया

नेशनल साइंस डे के उपलक्ष में ICT सेल के तत्वाधान में दिनांक 8 फरवरी 2025 दिन शुक्रवार को विज्ञान मॉडल एवं पोस्टर कांपटीशन कराया गया इसमें प्राचार्य महोदय की उपस्थिति में छात्रों ने अपने द्वारा बनाये गए मॉडल व पोस्टर का प्रदर्शन किया जिसमें पोस्टर कांपटीशन में डीसी ए की छात्रा भारती और मॉडल कांपटीशन में बीएससी सेमेस्टर के किशन साहू रोहित बेहरा प्रफुल्ल में प्रथम स्थान प्राप्त किया इस प्रकार साइंस डे में कांपटीशन के द्वारा विज्ञान के प्रति जागरुकता का संदेश दिया गया था ICT सेल इंचार्ज डॉ रक्षा बड़गैनिया एवं सदस्यगण मोहित श्रीवास्तव, डॉ कंचन मिश्रा, डॉ दीपशिखा शर्मा एवं डॉ सीमा अग्रवाल उपस्थित रहे ।

मां सरस्वती की पूजा करके बसंत पंचमी का उत्सव मनाया गया।

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एन सी सी छात्रों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम

कॉमर्स विभाग द्वारा विदाई समारोह का आयोजन

विप्रा कला वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में वाणिज्य एवं प्रबन्धन विभाग ने भव्य विदाई पार्टी (farewell party) का आयोजन किया। कार्यक्रम मुख्य रूप से 27 फरवरी 2025 को इंडोर हॉल में एम. कॉम फाइनल बीबीए 6 और बी. कॉम अंतिम वर्ष के छात्रों के निवर्तमान बैच के लिए आयोजित किया गया था। माननीय प्रचार्य महिदय डॉ मेघेश तिवारी जी, उपप्राचार्य डॉ विवेक शर्मा जी, वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ आराधना शुक्ल, एजुकेशन विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्य शर्मा, कंप्यूटर साइंस श्री मोहित श्रीवास्तव सहित सभी प्रध्यापक गण उपस्थित रहे। विदाई पार्टी में प्रचार्य महोदय ने छात्रों को आशीर्वचन देते हुए उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए मार्गदर्शन किया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों, रैंप वॉक, गेम्स, गिफ्ट्स एक्सचेंज आदि में भाग लिया, जिसमें अंतिम वर्ष एम. कॉम श्री मयंक शर्मा, बीबीए–VI के श्री वैभव सिंह ठाकुर, और बीकॉम III वर्ष के श्री करण ग्रुप को मिस्टर फेयरवेल और बी. कॉम अंतिम वर्ष की सुश्री कोमल साहू और सुश्री अनीता भंडारी को सुश्री फेयरवेल के रूप में चुना गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ निधि श्री शुक्ला तथा उनके मार्गदर्शन में जूनियर छात्रों ने किया । डॉ.सीमा अग्रवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ विदाई पार्टी का सफलतापूर्वक समापन हुआ, जिसने कॉलेज की ओर से सभी संबंधित प्रमुखों, सभी अधीनस्थों, संकायों और कर्मचारियों को उनके निरंतर सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया और कार्यक्रमों के लिए छात्रों के स्वयंसेवक को नहीं भूला।

जूनियर छात्र - छात्राओं ने अपने सीनियर के लिए फेयरवेल का आयोजन किया

विप्र महाविद्यालय मे जूनियर छात्र छात्राओं ने अपने सीनियर फाइनल ईयर के छात्र–छात्राओं को फेयरवेल दिया और उनके साथ बिताए लम्हों का साझा किया सरस्वती पूजा और गणेश वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के गेम्स और नृत्य भी शामिल थे फाइनल ईयर के छात्र–छात्राओं ने कैटवॉक किया और खट्टे मीठे लम्हों को शेयर किया बेस्ट स्टूडेंट संभावना मिस्टर फेयरवेल कुशाल और मिस फेयरवेल पूजा बीसीए फाइनल ईयर को दिया गया बीएससी फाइनल से पुरुषोत्तम को मिस्टर हैंडसम का ख़िताब दिया गया और फिर सभी ने मिलकर डीजे फ्लोर में डांस किया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए टीचर्स ने भी अपनी सहभागिता दी .यह कार्यक्रम डिपार्मेंट आफ कंप्यूटर और साइंस के द्वारा आयोजित किया गया जो सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

Freshers Party Computer & Science

महाविद्यालय 30 वा स्थापना दिवस

VIPRA ARTS COMMERCE & PHYSICAL EDUCATION COLLEGE

Sports Corner

NSS Work

Anand Mela

Poster Making Competition

'B' GRADE ACCREDITED BY NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDIATION COUNCIL (NAAC) (19th July 2023 to 18th June 2028)
Recognised by Higher Education, UGC and NCTE and Permanently Afiliated to
Pt. Ravi Shankar Shukla University, Raipur (C.G.)

• COMMERCE • MANAGEMENT • SCIENCE • COMPUTER • EDUCATION • PHYSICAL EDUCATION • YOGA

Aamapara, G.E. Road, Raipur (C.G.) Mo.: 7869190055
Well Developed Premises: Near Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur (C.G.)
E-mail: vipracollge1996@gmail.com, Visit us: www.vipracollege.org